<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–**25 अगस्त** 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रदेश के एक सौ पचास केंद्रों सहित देश के एक हजार पांच सौ संस्थानों के युवाओं से सत्ताइस अगस्त को वर्चुअली संवाद करेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। खेल, फिटनेस और अनुशासन का देंगे मंत्र।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रायबरेली को दी तीन सौ छियालीस विकास परियोजनाओं की सौगात। कहा– वंदे भारत ट्रेन का निर्माण कर जिले ने देश में बनाई अपनी पहचान।
- प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचा भारत निर्वाचन आयोग का प्रतिनिधिमंडल। आज करीब पांच सौ बूथ लेवल अधिकारियों के साथ संवाद करेंगे मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार।
- ब्रिक्स शेरपा सुधाकर दलेला ने लखनऊ में अट्ठारहवें ब्रिक्स अकादमिक मंच के उद्घाटन सत्र को किया संबोधित। कहा– मानवता प्रथम के सिद्धांत पर आधारित है भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्ताइस अगस्त को प्रदेश के करीब एक सौ पचास संस्थानों सहित देश भर में एक हजार पांच सौ स्थानों पर– खेलो इंडिया संवाद– खेल की बात, प्रधानमंत्री के साथ– कार्यक्रम के तहत युवाओं को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करेंगे। मेरा युवा भारत के राज्य निदेशक गोपेश पांडे ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में युवाओं को खेल, फिटनेस, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण से जोड़ने के उद्देश्य से युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। श्री पांडे ने बताया कि राजधानी लखनऊ में यह आयोजन सात विभिन्न स्थानों पर होगा।

**मेजर ध्यानचंद की जयंती होती है 29 तारीख को उसको इस साल माननीय प्रधानमंत्री जी 27 तारीख को सेलिब्रेट करते हुए वर्चुअली इंटरेक्शन करेंगे। हमारे देश के सारे युवाओं से जो यूनिवर्सिटीज कॉलेजेस में पढ़ रहे हैं, उनके साथ संवाद किया जाएगा। उनको बताया जाएगा कि खेल का हमारे जीवन में क्या महत्व है। कैसे हम फिट होकर एक विकसित भारत में एक युवा अपना योगदान दे सकता है। कैसे नशे से हम युवा को दूर रख सकते हैं। अगर उसको हम खेलों की तरफ मोड़ते हैं।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल रायबरेली में आठ सौ उन्नासी करोड़ रुपए से अधिक लागत की तीन सौ छियालीस विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने आवास विहीन परिवारों को आवासीय पट्टे के आवंटन–पत्र भी सौंपे। अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि रायबरेली की मॉडर्न कोच फैक्ट्री में वंदे भारत ट्रेन के निर्माण की वजह से आज रायबरेली का नाम पूरे देश में गौरव के साथ लिया जा रहा है।

**इस मॉडर्न कोच फैक्ट्री ने पिछले वर्ष 2156 कोचेज का निर्माण किया और यह रिकॉर्ड प्रोडक्शन है और पहली बार मई 2026 में प्रधानमंत्री मोदी जी के विजन के अनुरूप वंदे भारत ट्रेन बनी है। वंदे भारत का पूरा ट्रेन सेट का रोल आउट इसी मॉडर्न कोच फैक्ट्री रायबरेली में बनी है। अपना रायबरेली का नाम न केवल उत्तर प्रदेश में बल्कि देश के अंदर गौरव के साथ लिया जा रहा है।**

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने रायबरेली में ही अट्ठारह सौ सत्तावन के प्रथम स्वाधीनता संग्राम के अमर नायक राना बेनी माधव बख्श सिंह की दो सौ बाइसवीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया।

इस मौके पर उन्होंने करीब इक्कीस करोड़ रुपये की लागत से बने अवध केसरी राना बेनी माधव बख्श सिंह स्मृति सभागार का लोकार्पण किया। साथ ही डाक विभाग की ओर से तैयार किए गए विशेष आवरण का विमोचन भी किया।

**********

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कल नई दिल्ली में संशोधित डाक सेवा ऐप और डाक मित्र ऐप शुरू किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इन पहलों से भारतीय डाक को अधिक आधुनिक, सुलभ और नागरिक–केंद्रित बनाने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ा है।

**डाक मित्र ऐप हमारे ग्रामीण डाक सेवकों के लिए ताकि जो सेवाएं उपभोक्ताओं को हमें देना हो वो सुगमता के साथ और सुरक्षित वातावरण में हम लोग दे पाएं। पहले अनेक सेवाओं के लिए अलग–अलग सिस्टम्स को फॉलो करना पड़ता था, अब सारे प्रोसेस ही इसको एक ही ऐप में केंद्रित कर हमारे उपभोक्ताओं के लिए सुगमता देने के लिए यह ग्रामीण डाक सेवकों के हाथों में यह ऐप दिया गया है।**

**********

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में भारत निर्वाचन आयोग का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर कल लखनऊ पहुंचा। दौरे के पहले दिन मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने वहां विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और मीडिया से बातचीत भी की।

**उत्तर प्रदेश के मतदाताओं के लिए संदेश देने के लिए आए हैं। खासतौर से हमारे बूथ लेवल ऑफिसर्स, जो कि लोकतंत्र की आधारशिला होते हैं, उनको कुछ बात समझाने और उत्तर प्रदेश की जितनी यूनिवर्सिटीज हैं और जितने स्कूल्स हैं, वहाँ पर चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और पूरी प्रक्रिया को समझाने के लिए भी यहाँ पर कार्यक्रम होंगे।**

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कल लखनऊ में मतदाता साक्षरता क्लब और ईसीआई नेट ऐप को लेकर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। इस सम्मेलन में शाहजहाँपुर, अयोध्या, बाराबंकी, सुलतानपुर, लखनऊ और अमेठी सहित बीस जिलों के उप जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, मीडिया नोडल अधिकारी और लगभग एक हजार पांच सौ विद्यार्थी, शिक्षक तथा संस्थानों के प्रमुख शामिल हुए। इससे पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने लखनऊ के कॉल्विन तालुकेदार्स कॉलेज में, देश की लोकतांत्रिक प्रणाली, चुनावी प्रक्रिया, ईवीएम की विश्वसनीयता और युवा मतदाताओं के महत्व पर छात्रों के साथ बातचीत की। वह आज लखनऊ और आस–पास के जिलों के लगभग पांच सौ बूथ लेवल अधिकारियों के साथ संवाद करेंगे।

**********

विदेश मंत्रालय में आर्थिक मामलों के सचिव और ब्रिक्स शेरपा सुधाकर दलेला ने कहा है कि भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता मानवता प्रथम के सिद्धांत पर आधारित जन–केंद्रित दृष्टिकोण से प्रेरित है। लखनऊ में कल अट्ठारहवें ब्रिक्स अकादमिक मंच के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए श्री दलेला ने कहा कि भारत ने ब्रिक्स की अध्यक्षता के दौरान समायोजन, नवाचार, सहयोग और सतत विकास पर ध्यान केंद्रित किया है।

**ब्रिक्स शेरपा सुधाकर दलेला ने कहा कि ब्रिक्स एक विचार से आगे बढ़कर उभरते बाजारों और विकासशील देशों के बीच सहयोग के प्रमुख मंचों में शामिल हो गया है। जलवायु परिवर्तन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सतत विकास को लोगों और समुदायों की जरूरतों से जोड़कर देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पारंपरिक और सामुदायिक ज्ञान जलवायु परिवर्तन से निपटने की क्षमता मजबूत करने और सतत विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। 18वें ब्रिक्स अकादमिक मंच का आयोजन लखनऊ में 23 से 25 अगस्त तक किया जा रहा है। इस दौरान ब्रिक्स देशों के शिक्षाविद, शोधकर्ता, विशेषज्ञ और नीति निर्माता एक साथ आकर प्रमुख वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा कर रहे हैं। ओम अवस्थी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।**

**********

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वाइन फ्लू को लेकर प्रदेश में निगरानी व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा महानिदेशक स्वास्थ्य को पत्र जारी करके स्वाइन फ्लू के मामलों की लगातार समीक्षा और प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा है। श्री पाठक ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रदेश के सभी जिलों में स्वाइन फ्लू से संबंधित मामलों पर नजर रखी जाए। साथ ही अस्पतालों में आने वाले संभावित और संक्रमित मरीजों की स्थिति की नियमित निगरानी और आवश्यकता के अनुसार तत्काल उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

**********

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक डॉ पिंकी जोवेल की अध्यक्षता में कल गोरखपुर के एनेक्सी भवन सभागार में स्टेट रिव्यू मिशन–एसआरएम के दूसरे चरण के तहत गोरखपुर और वाराणसी मंडल की समीक्षा की गयी। इस अवसर पर मिशन निदेशक ने दोनों मंडलों की स्वास्थ्य इकाइयों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए।

**********

नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान ने दो हजार छब्बीस–सत्ताइस के शैक्षणिक सत्र में आयुर्वेद पर आधारित प्रसूति देखभाल को बेहतर बनाने के लिए 'गर्भिणी मित्र' नाम से एक नया पाठ्यक्रम शुरू किया है। आयुष मंत्रालय के अनुसार छह महीने का यह पाठ्यक्रम गर्भावस्था और प्रसव के बाद की अवधि के दौरान महिलाओं को उचित स्वास्थ्य शिक्षा, जीवनशैली मार्गदर्शन और सामुदायिक स्तर पर सहायता प्रदान करते हुए प्रशिक्षित कर्मियों को तैयार करने के लिए बनाया गया है।

**********